हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

04 पहले आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी, अब गाड़ी और...



07 संत समाज राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में ...





## कानड़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तेलंगाना से नीमच ले जा रहे गांजा पकड़ा

# 22 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा किया जब्त, वाहन सहित दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭कानड़

आगर-मालवा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार, अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों व अपराधों पर अंकुश लगाने व नियंत्रण हेतु सख्त कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आगर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कानड़ लक्ष्मण सिंह देवड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना की तस्दीक करते हमराह फोर्स की मदद से कानड़ सारंगपुर रोड़, चोमा सामगीमाना के बीच मोड़ पर नाकाबंदी कर कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ गांजा एक बाइक कीमत 15 लाख रुपए जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को कानड़ थाने में प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह देवड़ा ने बताया कि मंगलवार को थाना कानड़ पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि मोटर साइकिल से दो व्यक्ति मोहन बडौदिया तरफ से चोमा होते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा कम्बल में लपेट कर बेचने जा रहे है। तत्काल सूचना की तस्दीक हेतु कानड़ पुलिस टीम द्वारा कानड़ सारंगपुर रोड़, चोमा सामगीमाना के बीच मोड़ पर नाकाबंदी कर मोटर साइकिल को रोका। मोटर साइकिल पर बैठे दोनों व्यक्तियों को नीचे उतारकर नाम पता पूछते राजमल पिता कंवरलाल बंजारा उम्र 32 साल व अमरसिंह पिता मांगीलाल बंजारा उम्र 48 साल निवासीगण ग्राम पिपलिया व्यास थाना नीमच सिटी का होना बताया। संदेहियों के पास कंबल की तलाशी ली गई तो कंबल में लपेटे एक पीले रंग की प्लास्टिक की पोली मिली, बोरी को खोलकर देखा तो उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा विधिवत जप्त किया जाकर मौके पर ही संपूर्ण कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अवैध मादक पदार्थ गांजा के संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।थाना प्रभारी देवड़ा ने बताया कि उक्त दोनों आरोपी बाइक से तेलंगाना राज्य से गांजा लेकर नीमच की और जा रहे थे तभी हमारी टीम द्वारा इनको गिरफ्त में लिया गया।






### मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

उक्त कार्रवाई पर थाना कानड़ जिला आगर मालवा के अप.क्रं. 387/2023 धारा 8/20 एनडीपीएक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक लक्ष्मणसिंह देवडा, उनि आर एल आजाद,उनि जितेन्द्रसिंह चौहान, तकनीकी शाखा आगर प्रआर, ललित सारस्वत, प्रआर हेमन्त शर्मा, आरक्षक विश्वनाथसिंह झाला,महेन्द्रसिह राजावत, लखन जामलिया, विजयसिंह दांगी, दीपक सिसोदिया, रामचन्द दांगी, धर्मेन्द्रसिंह राजपूत, ज्योति बानिया, सैनिक कमल गुर्जर, आशीष सरिया, गोरीशंकर प्रजापति की अहम भूमिका रही। कानड़ पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक आगर द्वारा टीम को उत्साहवर्धन के लिए उचित इनाम देने की घोषणा की है।

## बस स्टैंड पर फैली अव्यवस्था दूर करने कलेक्टर को आवेदन



आगर मालवा। शहर के प्रमुख चौराहा और बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं के चलते पूर्व भाजपा मीडिया प्रभारी अतुल सिंह राजपूत, युवा समाजसेवी मोहन सोलंकी, जगदीश प्रजापति, महेश माली ने मिलकर शहर के चौराहों और यात्रियों के लिए बस की सूची किराए के साथ बस स्टैंड पर लगाने व यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जिला कलेक्टर पहुंचकर कलेक्टर राघवेंद्रसिंह के नाम का आवेदन दिया। आवेदन में बताया की जिला मुख्यालय स्थित बस स्टेण्ड पर अत्यवस्थाओं का अंबार हैं, यहाँ से कई नगरो तक बसे संचालित होती हैं, परंतु बस स्टेण्ड पर कहीं पर भी ना तो किराया सूची हैं और ना ही रूट की सूची चस्पा है, इसी कारण यात्रियो को परेशानी का सामना करना पड़ता है,यहाँ यात्री प्रतिक्षालय का अभाव हैं बड़ा बस स्टेण्ड होने के बावजूद भी अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग व दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं, इन समस्याओं का निराकरण कर बस स्टेण्ड क्षेत्र में फैली अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए, साथ ही विजय स्तम्भ, बडौद चौराह ,छावनी नाका चौराहे जो की शहर के प्रमुख चौराहे हैं यहाँ यातायात का दबाव भी बहुत अधिक होता है दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने प्रमुख चौराहा पर यातायात सिग्नल व पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए जाए।

## संभावना कार्यक्रम में हुईं मालवी मटकी लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां



नलखेड़ा। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल द्वारा आयोजित नृत्य, गायन एवं वादन केंद्रिय संभावना कार्यक्रम जोकि प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है, उसमें मालवी मटकी लोक नृत्यों एवं भवाई लोक नृत्य की सुश्री सोनी मालवीय एवं साथी, राजगढ़ द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर - सुंदर मटकी नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का समापन भवाई नृत्य गीत म्हारा मालवा की धरती म्हारे प्यारी लागे रे...से किया गया। संगीत संयोजन में नलखेड़ा की संस्था संगीत जन कल्याण एवं शोध संस्थान समिति कबीर कुटी प्रतापपुरा के महेश कुलश्रेष्ठ एवं साथी कलाकारों ने साथ दिया।




## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का पुनर्गठन

आगर-मालवा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-02 के अन्तर्गत जिला स्तर पर गठित जिला स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण समिति का भारत सरकार के पत्र के पालन में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा पुनर्गठन किया है। जारी आदेशानुसार समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष रहेंगें। समिति में कलेक्टर उपाध्यक्ष, सांसद लोकसभा क्षेत्र, विधायक विधानसभा क्षेत्र, विधान परिषद् के सदस्य और जिला परिषद् की स्थाई समितियों या उनके प्रतिनिधि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, समाज कल्याण के पदाधिकारी, जिला परिषद् के सीईओ, एसीईओ, शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि, आईसीडीएसएच, पीएचईडी, जल संसाधन, कृषि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के जिला अधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष (जिला परिषद् अध्यक्ष द्वारा रोटेशन के आधार पर) सदस्य तथा जिला पंचायत सीईओ सदस्य सचिव रहेंगे।

## 'डिप्लोमा प्राप्त कर कृषकों का अच्छा मार्गदर्शन करें'

### कृषि आदान विक्रेताओं के लिए 'देसी' कोर्स के द्वितीय बैच का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा





हमारा देश कृषि प्रधान है, यह हर कोई व्यक्ति कृषि से डायरेक्ट एवं इनडायरेक्ट तरीके से जुड़ा है, इसलिए कृषि से जुड़ी जो भी किसानों की समस्या हो वह डिप्लोमा प्राप्त करने के दौरान अर्जित की गई शिक्षा के माध्यम से समाधान करें तथा कृषकों का अच्छा मार्गदर्शन करें।


यह उद्गार जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने बुधवार को कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मैनेज हैदराबाद के माध्यम से कृषि आदान विक्रेताओं के लिए डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर मैनेजमेन्ट फॉर इनपुट डीलर्स (देसी) के 48 सप्ताह के कोर्स के द्वितीय बैच के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागियों से कही। कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित द्वितीय बैच कोर्स के शुभारम्भ कार्यक्रम के प्रारंभ में सीईओ श्रीमती कौर द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। इस अवसर पर कृषि आदान विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष मोहनलाल आर्य, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरपीएस शक्तावत, कोर्स फैसीलेटर सेवानिवृत्त अनुविभागीय कृषि अधिकारी आरबी सोनी, उप संचालक कृषि विजय चौरासिया, परियोजना संचालक आत्मा एनवी वर्मा, समर्थ्य प्रोड्यूसर कम्पनी सीईओ रामसिह ठाकूर आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कृषि आदान विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष, उप संचालक कृषि ने संबोधित कर प्रतिभागियों से कहा कि कोर्स के दौरान प्रति सप्ताह लगने वाली कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहकर गंभीरतापूर्वक ज्ञान अर्जित करें, जिससे किसानों को तकनीकी मागदर्शन देने में आसानी हो। डॉ. आरपीएस शक्तावत ने बताया कि इस कोर्स के दौरान 40 दिन अभ्यर्थियों के लिए सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएं लगेगी तथा 08 दिवस विभिन्न संस्थाओं में फिल्ड विजिट करवाई जाएगी। साथ ही लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी, उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## आवारा कुत्तों की फिर से भरमार, झुंड बनाकर घूम रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा





एक बार फिर से नगर में आवारा कुत्तों की भरमार हो गई है, जोकि झुंड बनाकर गली-गली घूम रहे हैं। जिसके कारण आम नागरिक विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं में भय व्याप्त है। नगर परिषद द्वारा कुछ दिनों पूर्व नगर में आवारा कुत्तों को पकड़ने की मुहिम चलाई थी जिसमे बड़ी संख्या में ऐसे कुत्तों को पकड़कर जंगल मे छोड़ा गया था। लेकिन कुछ ही दिनों में एक बार फिर से नगर में आवारा कुत्तों की भरमार हो गई है। ये आवारा कुत्ते 15 से 20 की संख्या में झुंड बनाकर गली-गली घूम रहे हैं। ये जिधर भी जाते हैं उधर राह चलते आमजन विशेषकर बच्चे व महिलाएं इनके भय के कारण या तो घरों में चले जाते हैं या किसी सुरक्षित स्थान पर रुक जाते हैं।

जानकारी के अनुसार विगत कुछ दिनों में ये कुत्ते कुछ बच्चों व महिलाओं के पीछे भी लग चुके हैं जो बड़ी मुश्किल से इनसे बच पाए हैं। दो दिनों पूर्व ऐसे ही कुत्तों का एक झुंड गाय के एक छोटे बछड़े के पीछे लग गए थे जिसे नागरिकों द्वारा जैसे - तैसे बचाया गया। ये आवारा कुत्ते किसी को काटकर घायल करें उसके पूर्व ही नगर परिषद द्वारा इन्हें पकड़कर बहुत दूर जंगल मे छोड़ देना चाहिए। साथ ही इन्हें पकड़ने की मुहिम मात्र एक दिन नहीं चलाकर लगातार कुछ दिनों तक चलाई जाना चाहिए, जिससे ऐसे सभी कुत्तों को पकड़ा जा सके।

### अभियान चलाएंगे

कुत्तों की धरपकड़ को लेकर एक सप्ताह तक सतत अभियान चलाया जाएगा और उन्हे पकड़कर नगर सीमा से बाहर भेजा जाएगा।

**देवेंद्र वत्स**, मुख्य नगर परिषद अधिकारी नलखेड़ा

## नगर में झांझ-मजीरे, ढोलक की थाप पर रामधुन गाते हुए निकाली जा रही प्रतिदिन प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा



आगामी 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य महोत्सव होने वाला है। इसके पूर्व देशभर में रामभक्तों द्वारा प्रतिदिन प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं। इसी निमित्त नगर में विगत एक पखवाड़े से रामभक्तों द्वारा झांझ, मजीरे, ढोलक की थाप पर रामधुन गाते हुए प्रातः 6 बजे से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रतिदिन निकल रही प्रभातफेरी हर रोज अलग अलग मोहल्लों से प्रारम्भ हो रही है। प्रारम्भ में जहाँ प्रभातफेरी में कम संख्या में भक्त शामिल हो रहे थे लेकिन प्रतिदिन भक्तों का यह कारवां बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को कड़कड़ाती ठंड में सैकड़ों भक्त प्रभातफेरी में शामिल थे। जिनमें छोटे छोटे बच्चें भी उत्साह के साथ रामकाज में शामिल थे। गौरतलब है कि आगामी 01 जनवरी से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में वर्चुअली शामिल होने के लिए विहिप बजरंग दल द्वारा घर घर पीले चावल वितरित कर आमंत्रित किया जावेगा। उसके पूर्व रामभक्तों द्वारा प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं।

## सीएम राइज स्कूल आगर में निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭आगर-मालवा

सीएम राइज स्कूल शासकीय मॉडल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय आगर में निःशुल्क बस सेवा बुधवार से प्रारम्भ हुई। शासकीय स्कूलों में अपनी बसें चलाना सी एम राइज स्कूल योजना का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य संजीव उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी सीएम राइज स्कूल योजना का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के विद्यार्थी को समावेशी शिक्षा प्रदान करते हुए उनका सर्वांगीण विकास करना है।

इस योजना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से विद्यार्थियों को लाने ले जाने के लिए परिवहन व्यवस्था भी प्रस्तावित थी, जिसके अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा ने विधिवत हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

### मां बगलामुखी मंदिर के बाहर समीपस्थ पार्किंग स्थल पर प्रतिदिन इस प्रकार की रसीदें देखी जा रहीं

# देवी-देवताओं के फोटो छपी रसीदें फेंकी जा रही सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर भक्त अपनी मनोकामना के लिए अगाध श्रद्धा से हवन - अनुष्ठान करते हैं, जिसके लिए मंदिर प्रबंध समिति से हवन कुंड के किराए की रसीद बनवाई जाती है। इन रसीदों पर माता रानी के साथ ही अन्य देवी-देवताओं के चित्र छपे हुए हैं। इन रसीदों को मंदिर के बाहर फेंका जा रहा है, जोकि अन्य दर्शनार्थियों के पैरों में आ रही है जिससे देवी-देवताओं की अवमानना हो रही है। प्रबंध समिति को इस प्रकार के कृत्यों पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए। मां बगलामुखी मंदिर के बाहर अथवा समीपस्थ पार्किंग स्थल पर अमूमन प्रतिदिन इस प्रकार की रसीदें देखी जा सकती है। जिन पर देवस्थान प्रशासन उज्जैन संभाग लिखा हुआ रहता है एवं भक्त के नाम के साथ संबंधित पंडित का नाम भी लिखा रहता है। ये रसीदें 350 रुपये की होती है। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि ये हवन कुंड किराए की ही होती है।



### विजिटिंग कार्ड पर आज तक बंद नहीं हुए माताजी के फोटो

सिद्धपीठ पर मौजूद कर्मकांडी पंडितों में से अधिकांश पंडितों द्वारा अपने अपने विजिटिंग कार्ड छपवा रखे है जिन पर माता जी का फोटो छपा होता है जो दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को देते है। एक भक्त को ऐसे कई पंडित अपने कार्ड थमा देते है जिन्हें भक्त बाहर आते ही फेंक देते है और ये विजिटिंग कार्ड अन्य भक्तों के पैर में आते है। नवरात्रि पर्वो, रविवार अथवा किसी अन्य पर्व,अवकाश के दिन में जब दर्शनार्थियों की संख्या बेहद अधिक होती है ये दृश्य अधिक दिखाई देते है। जिसे लेकर लगभग एक वर्ष पूर्व तात्कालिक विधायक राणा विक्रमसिंह की उपस्थिति में मंदिर प्रबंध समिति द्वारा कर्मकांडी पंडितों व अन्य भक्तों की मौजूदगी में कर्मकांडी पंडितों के विजिटिंग कार्डो पर माताजी के फोटो लगाना प्रतिबंधित किया था। लेकिन लगभग एक वर्ष निकलने के बाद भी उक्त निर्णय का पालन ना तो प्रबंध समिति करवा पाई है, और ना ही अधिकांश कर्मकांडी पंडित पालन कर रहे है। वर्तमान में भी अधिकांश पंडितों के विजिटिंग कार्डो पर माता जी के फोटो छपे हुवे है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा कड़े निर्णय लेकर उन्हें अमल में लाना चाहिए जिससे किसी भी देवी देवता की अवमानना नही हो।

बुधवार को मंदिर के समीप स्थित पार्किंग स्थल पर इस प्रकार की चार पांच रसीद पड़ी हुई थी। ऐसे में कई भक्त इन पर पैर रखकर या वाहन के पहिये चढ़ाकर भी निकले होंगे। जिसके कारण रसीद पर छपे देवी-देवताओं के चित्रों की अवमानना हुई है। अब यह जांच का विषय हो सकता है कि इन रसीदों को कौन फेंक रहा है। हवन - अनुष्ठान करवाने वाले भक्त हवन करने के बाद जाते समय फेंक रहे है या जो कर्मकांडी पंडित हवन करवाते है वे फेंक रहे हैं। बुधवार को जो रसीदें पार्किंग स्थल पर पड़ी हुई थी। वह सभी एक ही दिनांक 24 दिसम्बर की थी और उन सभी पर एक ही कर्मकांडी पंडित का नाम लिखा हुआ था। जिससे यह भी हो सकता है कि हवन अनुष्ठान के बाद ये रसीदें कर्मकांडी पंडित भक्तों से ले लेते होंगे और उन्हें बाहर आकर फेंक देते होंगे। रसीद फेंकने का मामला छोटा जरूर हो सकता है लेकिन उन पर छपे देवी - देवताओं के फोटो की हो रही अवमानना एक गंभीर मामला है। इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

### हिदायत दी गई है

रसीद को लेकर सभी को निर्देशित किया गया है। और रसीद को इधर-उधर न फेंकने को लेकर हिदायत दी गई है।

**प्रीति भीसे,** तहसीलदार एवं बगलामुखी मंदिर समिति सचिव

## खबर संक्षेप

### वीर बालक दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन



**हाटपिपलिया।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग और साक्षरता विभाग के आदेशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपीपल्या में सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रो साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेहसिंह जिन्होंने 26 दिसंबर 1706 को 9 वर्ष एवं 6 वर्ष की अल्पायु में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इन दोनों महान सपूतों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि देने एवं प्रेरणा लेने हेतु प्राचार्य उषा दुबे के नेतृत्व में वाद - विवाद, निबंध लेखन, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दीपिका विश्वकर्मा, मालती कारपेंटर, हर्षा जोशी, पीयूषा आशापुरे, अनिल कुंभकार, कैलाश अटाड़िया, अनिल सोलंकी, रामसिंह चौहान, सुरेन्द्र गोस्वामी, बसकंया पचोरीया, अशोक सोलंकी, ममता बागवान, खुशबू राठौर, अनिता राठौर, गंगा पंचोली, अमिता घोरपड़े, जयंती श्रीवास्तव, गीता उईके, सुशीला कनासिया, निर्मला आकेन, अनिता वर्मा, सचिन उत्पर्या आदि उपस्थित रहे।

### दल के कंटिजेंट कैडेटस दिल्ली रवाना

**देवास।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की आरडीसी टुकड़ी गणतंत्रत दिवस शिविर के लिए रवाना हुई। गणतंत्रत दिवस शिविर दल में शामिल 128 कैडेट 27 दिसंबर को नई दिल्ली के लिये रवाना हुई। दल यहाँ एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर में विभिन्न राष्ट्रीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लेंगे।

### प्रधानमंत्री ने स्व सहायता समूह की दीदी रूबीना बी से किया वर्चुअली संवाद

# पहले आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी, अब गाड़ी और दुकान मालिक हूं: रूबीना बी


जामगोद में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्व सहायता समूह की दीदी रूबीना बी से वर्चुअली संवाद किया। रूबीना बी ने संवाद के दौरान बताया कि आय बढ़ने पर उन्होंने देवास में देवास में दुकान की शुरूआत की।


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में ३विकसित भारत संकल्प यात्रा३ अंतर्गत ग्राम पंचायत जामगोद में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्व सहायता समूह की दीदी रूबीना बी से वर्चुअली संवाद किया। सरकार की कौन-कौन सी योजनाओ का लाभ मिला है, इस संबंध में जानकारी ली। रूबीना बी ने संवाद के दौरान बताया कि स्व सहायत समूह में जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी, वह मजदूरी करती थी। वे 2017 में आजीविका मिशन से जुड़ी और 05 हजार का लोन लिया। लोन मिलने पर उन्होंने कपड़ा बेचने का कार्य शुरू किया। बाद में ज्यादा काम बढाया सेकंड हैंड मारुति वैन ली। रूबीना बी ने संवाद के दौरान बताया कि आय बढ़ने पर उन्होंने देवास में देवास में दुकान की शुरूआत की। उनके स्व सहायता समूह द्वारा गणवेश सिलाई का कार्य और उपार्जन कार्य किया गया।

कोरोना काल में देश की सेवा का मौका मिला मॉस्क, सैनिटाइजर और पीपीई कीट बनाने का कार्य किया। जिससे कोराना काल में आय भी हुई। क्लस्टर रिसोर्स पर्सन का कार्य के रूप में कार्य किया। स्व सहायता समूह की दीदियों को जानकारी दी और 40 से ज्यादा गांव में समूह बनाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी रूबीना से कहा कि मेरा एक सपना है, मद्द करोगी। हम आत्मनिर्भर देश बना रहे है। आगे आने वाले समय में 02 करोड दीदियों को लखपति बनायेंगे। जिस पर रूबीना बी कहा कि वे जिले की सभी स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपित बनाना चाहती है। स्व सहायता समूह के माध्यम महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। महिलाए आत्मनिर्भर हो रही है, में खुद टवेरा गाडी की मालकिन हुं। प्रधानमंत्री मोदी ने रूबीना बी से बच्चों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। जिस पर रूबीना बी ने बताया कि बच्चों को 10वीं तक पढ़ाया है। जिसपर प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए बच्चों को आगे पढ़ाने के लिए कहा। किसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी वर्चुअली जुडे। कार्यक्रम में



जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया। विकसित भारत एवं जेंडर भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलाई। विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण भी किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में किसानों की सुविधा के लिये बनाये गये एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया। सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि केन्द्र सरकार विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाना चाहती हैं। देश तब ही विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा जब मातृशक्ति का सशक्तिकरण किया जाए। केन्द्र सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार कानून बनाया है 33 प्रतिशत महिला विधायक और सांसद बनेगी। केंद्र की योजनाओं का लाभ देने के लिए गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही। जिसका लाभ जिले के अधिक से अधिक नागरिक लें। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिले के हितग्राही से बात कर रहे है। केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर कार्य कर रही है। मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाया जा रहा है। मजदूरी करने वाली महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही है।

केन्द्र और प्रदेश सरकार हर समय आपके साथ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभागों द्वारा शिविर लगाकर आवेदन लिये जा रहे है। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ३विकसित भारत संकल्प यात्रा३ अंतर्गत ग्राम पंचायत जामगोद में आयोजित कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिण, अधिकारीगण एवं स्व सहायता समूह की महिलाए उपस्थित थी।

# अज्ञात बदमाशों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

### बागली नगर में तीन स्थानों पर हुई घटना



**बागली।** चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

दो दिन पुर्व ही उदयनगर थाना क्षेत्र के पिपरी क्षेत्र में अज्ञात चोर गिरोह ने चार स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद मंगलवार बुधवार रात्रि दरमियां बागली नगर में अज्ञात चोर गिरोह ने तीन स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

इन चोरी की घटनाओं के बाद जिम्मेदार पुलिस प्रशासन पर रात्रि गस्त को लेकर कई प्रकार के सवाल उठने लगे हैं, लचीली पुलिसिंग के कारण अब बदमाशों के हौसले बुलंद होते दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार बागली नगर में जनपद परिसर के समीप दो स्थानों पर एवं जिला सहकारी बैंक के के समीप कपड़े की दुकान पर चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के समीप भी एक दुकान पर चोरी का प्रयास किया गया था लेकिन सफल नहीं हो पाए। हालांकि चोरी में कितना नुकसान हुआ है उसका खबर लेकर जाने तक स्पष्ट नहीं हो पाया था। हालांकि एक जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। अब देखना यह है कि इन कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस इन चोर गिरोह तक पहुंच पाती है या नहीं, क्योंकि पूर्व में भी इस प्रकार की चोरियां हुई थी, जिसमें चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी सामने आए थे, इसके बावजूद भी आज तक पुलिस उन तक नहीं पहुंच पाई है।

**कर रहे प्रयास**

तीन स्थानों पर चोरी की घटना का मामला सामने आया है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूरा प्रयास किया जाएगा कि जल्द से जल्द चोर गिरोह को गिरफ्त में लिया जा सके। पुलिस द्वारा लगातार रात्रि गस्त भी की जाती है।
**लोकेश कुशवाह**, उपनिरीक्षक बागली

### खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक

**देवास।** मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता विगत दिनों इंदौर जिले में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में वात्सल्य एकेडमी के खिलाडियों ने हिस्सा लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे दीक्षा बरानिया ने स्वर्ण पदक, प्लक्षा बरानिया एवं कृष्णा सिंह तोमर ने रजत पदक व जानवी राजपूत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर कराते टीम कोच यशस्वी सेन व कृतिका सेन ने बधाई दी।

# रामनवमी पर होगा अखिल भारतीय सर्वसेन समाज का विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

रामनवमी के अवसर पर होने वाले 9वे समूह विवाह सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय सर्व सेन समाज की बैठक सिध्दीविनायक गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में पिछले वर्ष के सामूहिक विवाह सम्मेलन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया एवं रामनवमी पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज के बीच में प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय सर्वसेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर भाटिया ने सामाजिक बांधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि खर्चीली शादी नहीं करते हुए समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने विवाह योग्य बच्चों का विवाह करवाऐ। एस



**हाटपीपल्या।** सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक में हुई चर्चा।

अवसर पर अखिल भारतीय सर्वसेन समाज के जिला अध्यक्ष संतोष वर्मा, मुकेश वर्मा,लखन सेन, बाबूलाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, सुनील वर्मा, मुन्नालाल वर्मा, संतोष वर्मा, संजय वर्मा, रमेश वर्मा, महेश वर्मा, राकेश परमार, महेंद्र वर्मा, कैलाश वर्मा आदि समाज जन उपस्थित थे। संचालन एवं आभार अखिल भारतीय सर्व सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश परमार ने माना।

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम करेगा वैश्य महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

देश के सबसे बड़े पंजीकृत सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की देवास जिला ईकाई कार्यकारिणी की बैठक बागली के जटाशंकर तीर्थ परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में देवास जिले की समस्त तहसील इकाई तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियो ने भाग लिया। बैठक के मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी थे। अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी ने की।




बैठक की शुरुआत माता लक्ष्मी के पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत बागली तहसील प्रभारी सीमा गुप्ता, गीता चौधरी, मधु गुप्ता, सोनल गुप्ता, राजेश बजाज, तहसील महामंत्री अशोक बजाज ने किया। इस मौके पर पर श्यामा गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बैठक के प्रारंभ में वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल ने बैठक का एजेंडा रखते हुए वैश्य महासम्मेलन संगठन की जानकारी दी । बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सत्यनारायण लाठी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे बनारसी दासगुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन की कल्पना की थी। उन्हीं की कल्पना को साकार रूप देते हुए वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश समाज को संगठित करने और समाज तथा देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है । बैठक के समन्वयक अशोक सोमानी ने आगामी वर्ष में वैश्य महासम्मेलन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बसंत पंचमी कार्यक्रम, गुड़ी पड़वा कार्यक्रम, सदस्य सम्मेलन, अन्नकूट महोत्सव, पारिवारिक पिकनिक कार्यक्रम, समाजसेवी व मेधावी छात्रों का सम्मान, रक्तदान शिविर, सेवा दिवस, वैश्य चेतना रैली, करियर गाइडेंस , क्रिकेट टूर्नामेंट, गरबा महोत्सव इत्यादि कार्यक्रम की रूपरेखा रखी । बैठक में आए विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी से चर्चा करते हुए नेत्रदान को बढ़ावा देने, वैश्य समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, इंदौर तथा भोपाल में छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा प्रारंभ करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई । बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर वैश्य समाज द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को महिला इकाई की जिलाध्यक्ष मंजूबाला जैन ने भी संबोधित करते हुए वैश्य महासम्मेलन में महिलाओं की सहभागिता पर अपनी बात रखी।

आयोजित हुई बैठक में युवा इकाई के जिलाध्यक्ष भानु अग्रवाल , जिला प्रभारी हुकुम गुप्ता, नटवर बियाणी, जिला महामंत्री अमित गुप्ता, समीर मेहता, रामेश्वर गुप्ता, सचिन मंगल , अमित विजयवर्गीय, तहसील अध्यक्ष डॉ रजनीश पोरवाल, अजय परणामी, प्रकाशचंद्र जैन, हेमचन्द्र गोयल, सुरेशचंद्र मुंदड़ा, आनंद जैन , गिरीश जैन, पार्षद रजत बजाज, सुरेशचन्द्र गुप्ता, महिला इकाई की ललिता मेहता, प्रभावती गुप्ता, मीना विजयवर्गीय, दुर्गा पोरवाल, चंद्रकला विजयवर्गीय, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट प्रवीण चौधरी ने किया। स्वागत भाषण कैलाश गुप्ता ने दिया। आभार अनुराग गुप्ता सचिन गुप्ता ने माना। उपरोक्त जानकारी वैश्य महासम्मेलन के जिला मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता व मुकेश गुप्ता ने दी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पात्र हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

# विधायक मुरली भंवरा ने ग्रामीणों को सुशासन की दिलवाई शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर परिषद करनावद कार्यालय के सामने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को पात्र हितग्राहियों को विधायक मुरली भंवरा ने लाभ पत्र वितरित कर सुशासन की शपथ दिलवाई। विधायक मुरली भंवरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके नगर में आई है। इस यात्रा के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ आम जन को मिले और कोई भी पात्र महिला पुरूष वंचित ना हो। यहां पर सभी विभागों के प्रमुख बैठे हुए है वो आपकों शीघ्र लाभ दिलवाएंगे। साथ ही विधायक भंवरा ने कहा कि विकसित भारत यानि डेवलपमेंट भारत हो चूका है। साथ ही विधायक के द्वारा पी.एम.स्वनिधि योजना के कुल 25 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन अंतर्गत कुल 06 हितग्राहीयों को ऋण स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना व्यक्तिगत ऋण कुल राशि रूपयें 13 लाख इन समस्त योजनाओं में कुल राशि रूपयें 17 लाख 50 हजार के ऋण स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए। प्रथम नगर आगमन पर विधायक का स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। अंतिम में विधायक के द्वारा नगर की प्रमुख मांग जैसे पेयजल योजना, करनावद से चासिया होते हुए हाटपिपल्या मार्ग से जोड़ने संबंधी कार्यों को कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया है एवं मंच से कर्णेश्वर महादेव मंदिर पर राशि 5 लाख रुपये के शेड निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई है। उक्त कार्यक्रम नगर परिषद कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के सर्वप्रथम नागरिक के रूप में विराजमान श्री कर्णेश्वर महादेव के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बागली विधायक मुरली भंवरा का स्वागत नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार व उपाध्यक्ष राजेश गोयल द्वारा पुष्पहार एवं डुपट्टा डालकर किया गया। नगर परिषद करनावद द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बागली युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राम सोनी, सांसद प्रतिनिधि मदनलाल कारपेंटर, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण पांचाल, वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम पाटीदार, मंडल अध्यक्ष टीकेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व न.प. अध्यक्ष मानसिंह रावत, पूर्व न.पं. उपाध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, भाजपा मण्डल मंत्री विपिन राबड़, आनंद सोनेर, धर्मेन्द्र भारती, दिलीप भारती, मुकेश सोनेर, संजु पाटीदार, बागली से पधारे अन्नु सिसौदिया, लखन सोनी, नगर परिषद के समस्त पार्षदगण एवं नगर परिषद सीएमओ मुरलीधर राठौर एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई, अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही स्कूली छात्राओं द्वारा मध्य प्रदेश एवं राष्ट्रीय गान भी गया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाटीदार, आभार न.पं. उपाध्यक्ष राजेश गोयल ने माना।

### सहायक शिक्षक सुनंदा मालवीय निलंबित

**देवास।** कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन में लापरवाही बरतने पर सहायक शिक्षक शा.प्रा.वि. कन्नौद सुनंदा मालवीय को निलंबित किया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 173 मतदान केन्द्र क्रमांक 204 शाकप्रावि नवीन भवन अजनास पर निर्वाचन कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सहायक शिक्षक शा.प्रा.वि. कन्नौद सुनंदा मालवीय को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। मौक पोल के पश्चात सीआरसी की कार्यवाही नहीं की जाना पाया गया।

# कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के बारे में जानकारी दी और उनके वीर पुत्रों के बारे में सभी बच्चों को बताया गया। साथ ही चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों का चित्र बनाया और उनके ऊपर निबंध लिखा।

## खबर संक्षेप

### टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम हुए कम

**आष्टा।** मौसम में आए बदलाव से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। वहीं इसका असर सब्जियों के उत्पादन व भाव पर भी पड़ा है। उत्पादन अधिक होने के साथ बाजार में आवक ज्यादा होने से इनके भाव आधे हो गए हैं। इससे सब्जी उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। नुकसान की भरपाई करने के लिए क्षेत्र के किसान सब्जी को बेचने के लिए दूसरे शहरों तक दौड़ लगा रहे हैं। शीतलहर चलने से टमाटर, हरा धनिया, मिर्च सहित हरी सब्जियों का उत्पादन बढ़ गया है। इससे इनकी बाजार में आवक अधिक होने से भाव कम मिल रहे हैं। पिछले 15 दिन पहले टमाटर बाजार में 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा था। अब टमाटर के 10 रुपए किलो से कम के भाव मिल रहे हैं। हरा धनिया और मिर्च भी 40 रुपए किलो में बिक रही थी लेकिन इसके भी भाव 10 -15 रुपए किलो पर आ गए हैं।

### देवीसिंह परमार की पत्नी का निधन, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** जिला सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष सहकारिता के आधार स्तंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता देवीसिंह परमार की धर्मपत्नी, भगवतसिंह, ओमप्रकाश, महेन्द्र परमार की माता कावेरी बाई परमार का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। अंत्येष्टि में काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रीमती परमार को अंतिम विदाई दी। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित अनेक जनप्रतिनिधियों आदि ने देवीसिंह परमार के गृह ग्राम हकीमाबाद पहुंचकर कावेरी बाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

---

#### शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ मानस सम्मेलन, नगर में संतों का हुआ आगमन

# संत समाज राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में अग्रणी: स्वामी रामेश्वर दास

### सम्मेलन में प्रतिदिन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक साधु संतों के होंगे प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री मानस भवन में सोमवार से सात दिवसीय मानस सम्मेलन शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। श्री गायत्री मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा नए बस स्टैंड बुधवार से होते हुए मानस भवन में पहुंची शोभायात्रा में राष्ट्रीय स्तर के साधु संत सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया साधु संतों के दर्शन व आशीर्वाद लेने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। सम्मेलन में आगामी दिनों में और अधिक साधु संत नगर में पधारेंगे। आष्टा के मानस भवन में श्री राम मानव संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित मानस सम्मेलन 31 दिसंबर रविवार तक चलेगा। मानस सम्मेलन की प्रेरणा स्रोत ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओमप्रकाशानंद सरस्वती काशीपीठ है। शोभायात्रा में केसरिया ध्वज लेकर धर्म प्रेमी लोग आगे चल रहे थे। बैंड की धुन पर मधुर भजन धुन चल रही थी। पीछे रथ पर गोरक्षा राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वर दास गुजरात, साध्वी अन्नपूर्णा गिरी उज्जैन पंडित दीपक दास त्यागी आदि साधु संत विराजित थे।

#### नारी के बिना घर में सुख नही

सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वर दास जी ने कहा कि संत समाज में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में अग्रणी है हम सब को मिलकर हमारी भारतीय संस्कार और संस्कृति को चिरस्थाई बनाने में योगदान देना है अयोध्या में भगवान श्री राम की 22 जनवरी को स्थापना होना है मुझे निमंत्रण मिला है मैं अपनी आंखों में आष्टा वासियों की छवि को लेकर जा रहा हूं यह दर्शन आष्टा के धर्म प्रेमी लोगों के लिए होंगे आप सब 22 तारीख को अपने घर व मंदिरों में भगवान श्री राम का स्थापना उत्सव बनाएं। इस अवसर पर द्वितीय वक्ता परम पूजनीय साध्वी वर्षा नागर कहां की जिस घर में नारी नहीं होती है उस घर में कभी सुख नहीं आ सकता घर सब होते हैं पर घर को मंदिर बनाने का कार्य एक स्त्री ही करती है उन्होंने तुलसीदास व उनकी पत्नी रत्ना के दृष्टांत को देते हुए पति के पत्नी के प्रति निष्कपट प्रेम का उदाहरण भी दिया उन्होंने कहा अपनी स्त्री से मिलने के लिए तुलसीदास जी ने सर्प को रस्सी समझ लिया और मृत शरीर को नाव समझकर नदी पार कर गए यही स्त्री के प्रति अकाट्य प्रेम है। पूजनीय दीदी ने कहां की कलयुग में देवता और दानव दोनों एक ही शरीर में है सिर्फ आप अपने व्यक्तित्व का उपयोग किस रूप में करते हैं निर्भर इस पर करता है यदि साधु संगति सत्संग से जुड़े हैं तो मन पवित्र कर देवतुल्य हो सकते हैं स्वभाव में यदि क्रूरता है तो आप दानव का स्वरूप बन जाते हैं।

कथा में वक्ता महत्वपूर्ण नहीं कथा में श्रोता मुख्य होता है वक्ता तो कोई भी बन सकता है पर श्रोता बनकर विचारों को ग्रहण करना यह सबसे बड़ा कार्य है। सात दिवस इस मानस सम्मेलन में हम भगवान श्री राम के चरित्र को आप तक पहुंचाएंगे आप प्रतिदिन रामचरित्र के सुंदर स्वरूप को ग्रहण करें यह कथा मेरे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद मेरा गृहस्थ आश्रम को छोड़कर पूर्ण तरह से संत बन जाऊंगी तीन और चार जनवरी को आप सभी उज्जैन में सादर आमंत्रित है वहां मेरा पट्टाभिषेक होगा। संतों का स्वागत मंच पर आष्टा के सभी सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया स्वागत भाषण मानस सम्मेलन के समिति के अध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल शर्मा द्वारा किया गया साधु संतों का परिचय और संचालन पंडित डॉक्टर दीपेश पाठक द्वारा किया गया अंतिम आभार समिति के कोषाध्यक्ष भोलू सिंह ठाकुर द्वारा व्यक्त किया गया। शोभायात्रा में मानस भवन समिति के नगरपालिका विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, डा मीना सिंघी,अध्यक्ष सत्यनारायण कमरिया सचिव राकेश सुराणा,अध्यक्ष मानव सम्मेलन समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा सूत्रधार प्रेम नारायण शर्मा सचिव हरिनारायण शर्मा प्रभारी दिनेश सोनी सकल समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव संयोजक सुरेश सुराना बीएस वर्मा, रामेश्वर खंडेलवाल, मधु परमार, सुरेश चंद जोशी, प्रदीप धारीवाल, मनोहर साहू, मनोज ताम्रकार,लखन विश्वकर्मा नरेंद्र कुशवाहा,कमल ताम्रकार, विश्राम सिंह ठाकुर पंडित गजेंद्र शास्त्री आदि गणमान्य आष्टा के धर्म प्रेमी जनता व माता बहने अनेक संख्या में उपस्थित थी।

#### इनके होंगे प्रवचन

मानस सम्मेलन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर एक से शाम 5:00 बजे तक साधु संतों के प्रवचन होंगे 31 दिसंबर तक होंगे। जिसमे परम पूजनीय साध्वी अन्नपूर्णा गिरी जी प्रतिदिन प्रवचन करेंगी। परम पूजनीय पंडित श्याम मनावत उज्जैन 26 से 27 दिसंबर तक प्रवचन करेंगे। परम पूजनीय दीदी अर्चना दुबे इंदौर 29 से 31 दिसंबर तक प्रवचन देगी परम पूजनीय संत साधु विमल सेवादास जी इंदौर 27 दिसंबर को प्रवचन देंगे।

---

# तेज सर्दी में सुबह 5 बजे से ट्यूशन पढ़ने जा रहे विद्यार्थी

### नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के दो हजार छात्र-छात्राएं अलसुबह 5 बजे से कोचिंग सेंटरों पर जाते नजर आ रहे हैं। यह सभी छात्र हाईस्कूल व हायर सेकंडरी में अध्ययनरत हैं। किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है एक तरफ जहां छात्राओं के पालक गण भी लापरवाही वरत रहे हैं ,जो इतनी अल सुबह से अकेली अपनी बेटी को ट्यूशन के लिए भेज देते हैं। जबकि न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। इस कड़कड़ाती ठंड में इन छात्रों का कहीं स्वास्थ्य खराब न हो जाए इसकी परवाह न तो कोचिंग सेंटर संचालकों को है और न शिक्षा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां बताना जरूरी है कि नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे कोचिंग सेंटर हैं। जिन्होंने न संबंधित विभाग में अपना पंजीयन कराया है और इन कोचिंग सेंटर के पास छात्रों को बैठाने के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण कोचिंग सेंटर संचालक मनमानी कर रहे हैं।शासन के प्रावधानों के अनुसार नगर के सभी कोचिंग सेंटर का पंजीयन कार्यालय में होना चाहिए।

लेकिन नगर में अधिकांश कोचिंग सेंटर बगैर पंजीयन के ही चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में नगर के जिन इलाकों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे हैं , वहां पर सुनसान जगह है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि कोचिंग सेंटर के संबंध में हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है इनका पंजीयन विभाग में ही रजिस्ट्रेशन होता है। इतनी सुबह से कोचिंग क्लासेस नहीं लगना चाहिए तथा पालकों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। हम कोचिंग वालों की बैठक लेकर इस संबंध में निर्देश देंगे।

# घोष वादक प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रांत स्तरीय घोष प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जावर को मिला द्वितीय स्थान। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा ग्वालियर में आयोजित घोष वादन प्रतियोगिता में जावर विद्यालय की इकाई को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जहा छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

---

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूरे देश सहित सम्पूर्ण प्रदेश भर मे पूर्व प्रधानमन्त्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपयी की जयंती बड़े ही हर्ष व आदर के साथ मनाई गई. इसी क्रम मे नगर मे भी विभिन्न स्थानो पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुवे. नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्यनगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे अल सुबह कन्नोद रोड़ स्थित काला तालाब की पाल पर बने पार्क की साफ सफाई की।

वही तालाब से लगे पूरे स्थान की स्वयं झाड़ू लगाईं। इसी प्रकार गंज स्थित मेहता प्रतिष्ठान, भाऊबाबा मंदिर चौराहा, अलीपुर स्थित जनपद चौराहा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमन्त्री अटलबिहारी जी को याद किया गया। अटलजी नेता, कवि के साथ वरिष्ठ पत्रकार थे - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की राजनीति में अटल जी ने अमिट छाप छोड़ी, लेकिन राजनेता होने के साथ ही पत्रकार और कवि के रूप में भी अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. अटल जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा, जिसे उन्होंने अपने कविताओं और विचारों में बहुत ही संजीदगी के साथ उतारा. इस अवसर पर मुकेश बड़जात्या, नीलेश खंडेलवाल, पार्षद रविवार शर्मा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, पंकज नाकोड़ा, सुमित मेहता, बसंत पाठक, कोमल जैन, ओम नामदेव, महेश सोनी, मनीष धरवा, पंकज नाकोड़ा, गौरव सोनी, बद्रीलाल वर्मा, राजू मिश्रा, विजय मेवाड़ा, अमरदीप सांगते, बाबू कुशवाह आदि मौजूद थे।

# 31 दिसंबर तक चलेगा मानस सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानस सम्मेलन को लेकर प्रमुख मार्गों से सभी सनातनीजनों की मौजूदगी मे शोभायात्रा निकाली, जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने साथियों सहित शोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया। मानस सम्मेलन मे मानस रत्न, मानस मणि, मानस मर्मज्ञ के विद्वान आकर नगर के धर्मालुजनों को अपनी वाणी से धन्य करेंगे. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी जनमानस से आग्रह करते हुए कहा कि मानस सम्मेलन में भगवान विष्णु के द्वारा धरती पर लिए राम अवतार की मानवीय गुणों पर चर्चा की जाती है कि भगवान राम ने अपने मानव रूप में किस तरह से हर कठिनाई को संघर्ष कर पार किया।

उनके भाई प्रेम, मातृ प्रेम, पितृ प्रेम, पत्नी प्रेम, मित्र प्रेम, गुरु प्रेम, इच्छा शक्ति, दृढ़ संकल्प पर अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे जिसका अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर धर्मलाभ लेवे व्याख्या की जाती है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, अनिल श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुशवाह, पार्षद रविवार शर्मा, तारा कटारिया, प्रभात धड़ीवाल, जगदीश खत्री, विनोद सोनी, बसंत पाठक आदि मौजूद थे।

# मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट खाती एग्रो इनपुट ओपनिंग मैच का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने किया। आयोजक प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष भी मॉर्निंग फिटनेस टूर्नामेंट किया जा रहा है जिसमें आस्था नगर के प्रशासनिक अधिकारी व युवा भाग लेते हैं। टूर्नामेंट का मकसद प्रशासनिक अधिकारी एवं युवाओं में संवाद एवं फिटनेस पर चर्चा की जाती है इसी कार्यक्रम का शुभारंभ मुखर्जी ग्राउंड कन्नौज आस्था पर किया गया। आयोजक प्रकाश कुशवाहा ने सभी का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सिक्का उछलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कहा कि हमें सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक व खेलों में रुचि दिखाना चाहिए। जिससे हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहे। उन्होंने इस आयोजन के लिए युवा नेता प्रकाश कुशवाहा को बधाई दी। इस अवसर पर मंडी व्यापारी कमल ताम्रकार, संजीव सोनी पांचम, लखन पाटीदार, दशरथ मेवाड़ा, नितेश महाकाल, धर्मेंद्र मेवाडा, उदय तुतलानी, रवि मेवाड़ा, गोलू परमार, सनी राजपूत, कृपाल वर्मा, अंकुश सोनी, किशन सोनी आदि उपस्थित रहे हैं।

# ठंड से बचने जगह-जगह जल रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दो दिनों से सूर्य का तेजस्व छाने से जहां दिन में पारा चढ़ा है,वहीं दिन में ठंड से राहत मिली है। लेकिन आल सुबह और शाम के पश्चात ठंड का प्रकोप जारी रहने से लोग चौक - चौराहों एवं गली -मोहल्लों में अलाव जलाकर ठंड से राहत पा रहे हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों से टकराकर आने वाली उत्तरी हवा का आना अभी बंद है। इसका कारण अरब सागर से आने वाली नमी है, जिससे बादल छा रहे हैं। इससे दक्षिण- पूर्वी हवा चल रही हैं। हवा का रुख बदलने के कारण दिन व रात का पारा सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। हालांकि अब कोहरा छाना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अगले 24 घंटे के दौरान गुजर जाएगा, जिसके चलते सोमवार से उत्तर-पश्चिमी हवा आना फिर से शुरू हो जाएंगी। साथ ही तापमान गिरेगा, कोहरा भी गहराएगा, जिससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ना तय है।

# 25वें अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व पर अलका पाठक को राष्ट्रीय अभ्युदय सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास उज्जैन द्वारा 25 वे अंतर्राष्ट्रीय रजत जयंती कलापर्व के भव्य अलंकरण समारोह में आष्टा की युवा चित्रकारा अलका मनीष पाठक को राष्ट्रीय युवा अभ्युदय सम्मान से अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चित्रकार जतिन दास, अवंतिका यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रमोद व कलावर्त न्यास के अध्यक्ष सीके काले द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश में युवा कलाकार जो अपनी तूलिका के माध्यम से कला के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखते है उन्हे प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि अलका मनीष पाठक को पूर्व में भी कला के क्षेत्र के कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। कलावर्त न्यास के रजत जयंती पर्व के इस अवसर पर देश के ख्यातिलब्ध चित्रकारों को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय चित्रवाण सम्मान प्रदान किए गए।

---

### संपदा 2.0 लागू होने से प्रॉपर्टी खरीदने पर घर पर ही नामांतरण की सुविधा

# रजिस्ट्री, नामांतरण के लिए अब नहीं बुलाए जाएंगे गवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नए साल में लोगों को काफी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।भूमि व भवन की रजिस्ट्री कराने वाले लोगों की कवायद नए साल 2024 में कम होगी।संपदा 2.0 लागू होने के कारण लोगों को प्रॉपर्टी खरीदने के बाद घर पर ही नामांतरण की सुविधा मिल सकेगी। इस प्रक्रिया में अब गवाहों को उप पंजीयक कार्यालय लाने की जरूरत नहीं होगी। उनके आधार कार्ड से ही रजिस्ट्री को चयनित कर लिया जाएगा। साथ ही विक्रेता के मोबाइल फोन पर पंजीयन कार्यालय से ओटीपी पहुंचेगा। उसको कंफर्म करने के बाद ही भूमि-भवन की बिक्री का दस्तावेज रजिस्टर्ड किया जा सकेगा। यह सिस्टम पर चालू होने के बाद व्यवस्था प्रारंभ हो जाएगी। नई व्यवस्था फरवरी से लागू होगी। उससे पहले पायलट प्रोजेक्ट में पांच जिलों को संपदा 2.0 के क्रियान्वयन के लिए सिलेक्ट किया है। पहले चरण की खामियों को दूसरे चरण में दूर किया जाएगा ताकि सिस्टम की कोई परेशानी प्रॉपटी बेचने वाले विक्रेता व खरीदने वाले क्रेता को न उठाना पड़े। अब रजिस्ट्री के समय दोनों पक्षों को क्रेता-विक्रेता अपने साथ सब रजिस्ट्रार कार्यालय नहीं लाने पड़ेंगे। सिर्फ उनके आधार कार्ड से ही रजिस्ट्री सिलेक्ट हो जाएगी। पहले वयानामा के समय गवाहों की भीड़ से ही उप पंजीयक कार्यालय हाउसफुल हो जाता था।भीड़ को कम करने के लिए संपदा 2.0 में गवाहों के आधार कार्ड को ही मान्यता प्रदान कर दी है। यहां बता दें कि भूमि या भवन बेचने वाले पक्षकार के मोबाइल फोन पर पंजीयन कार्यालय से ओटीपी जाएगा। जब तक क्रेता उसके मान्य कर ओके नहीं कर देगा तब तक उप पंजीयक कार्यालय में संबंधित प्रॉपर्टी मान्य नहीं होगी। इससे किसी की जमीन को किसी और द्वारा बेच देने जैसे धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा। आष्टा में हर महीने सैकड़ों दस्तावेज पंजीकृत किए जाते हैं। अब भवन अथवा भूखंड को रजिस्ट्री कराते समय ही रेवेन्यूकेस मानीटरिंग सिस्टम के जरिए भवन अथवा भूखंड स्वामी का नामांतरण फार्म भी भर दिया जाएगा। इसके बाद यह नामांतरण फार्म सीधे साइबर तहसील कार्यालय में चला जाएगा। वहां से संबंधित व्यक्ति को बिना अलग से आवेदन किए ही 10 दिनों में नामांतरण पत्र मिल जाएगा। उप पंजीयक भारती कोहद ने बताया कि खास बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति ने अपने पूरे रकबा की रजिस्ट्री कराई है तो तहसील में जाकर अलग से नामांतरण प्रक्रिया पूरी नहीं करनी पड़ेगी। पुरानी रजिस्ट्री के मामलों में नामांतरण को लेकर पहले जैसी प्रक्रिया जारी रहेगी।यह व्यवस्था सिस्टम पर आते ही ने वर्ष में प्रारंभ होगी।

# अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन ने विधायक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को घोड़े पर बैठकर आयोजन समिति के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे सर्व प्रथम बाबा साहेब भीम राव आंबेडकरकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया तत पश्चात बलाई समाज युवा संगठन द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत वर्ष में बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान अनुसार ही हम सभी चल रहे हैं और भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं से हम स्वयं हमारा परिवार और हमारा समाज लाभान्वित हो रहा है समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने में हम सभी साथ थे और रहेंगे भारत देश को विकसित और विकासशील देशों में अग्रणी करे हम सभी भारत के भविष्य को उज्जवल करें विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आयोजन समिति को कार्यक्रम की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर अखिल भारतीय बलाई समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवम् युवा साथी गण उपस्थित रहे।

### सरपंच बोले - श्मशान के रास्ते पर एक समुदाय ने कर रखा है कब्जा, जिससे होती है परेशानी

# एक समुदाय ने आधे घंटे से ज्यादा शव को रोका प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

जमीनों पर अतिक्रमण के किस्से यूं तो आम हैं, परंतु जब अतिक्रमण की हुई शासकीय भूमि पर भी कोई समुदाय अपना कब्जा मानकर दूसरे समुदाय के लोगों को दाह संस्कार जैसे अंतिम कर्म को रोकने की कोशिश करने लगे तो फिर बात सामान्य नहीं कही जा सकती।

जिले के पीलूखेड़ी के समीप ही बड़नगर से एक चैकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें एक समुदाय द्वारा कई वर्षों से शमशान के आसपास की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। बुधवार का 3 बजे के आसपास जब गांव की ही कुन्तीबाई का शव उनके परिजन और ग्रामीण पारंपरिक रास्ते से लेकर जा रहे थे तो एक समुदाय के लोगों की महिलाओं और बच्चों ने शव को शमशान ले जाने से मना कर दिया, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। बड़नगर के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया की इस पूरे मामले की जानकारी हमने प्रशासन को दी। तब नायब तहसीलदार एवं पुलिस ने आकर मामला मोर्चा संभाला और शव का दाह संस्कार हो पाया।





### सरपंच बोले शमशान के पास की सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाया जाए

बड़नगर के सरपंच अजय मीना ने बताया कि यदि आज शवयात्रा को आधे घंटे से ज्यादा रोका गया है तो आगे की स्थिति समझी जा सकती है। प्रशासन सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करे जिससे किसी भी तरह के संस्कार में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### प्रशासन के पहुंचने पर बदले सुर

आधे घंटे से ज्यादा समय तक शव को रोकने वाला समुदाय ने प्रशासन को देखते ही सुर बदल लिए। और वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूषों ने प्रशासन को बताया की हम समझ नहीं पाए की किसी की शव यात्रा आ रही है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ गलतफहमी के चलते ऐसा माहौल बना। वहीं कुरावर पुलिस ने भी दोनों समुदाय के लोगों को बैठाकर मामले को सुलझाने के लिए प्रयास किया।

**मामला दर्ज**

*नायब तहसीलदार अनाग्रीका कनौजिया ने बताया कि हमने धारा 107 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि रोकने वाले समुदाय का साफ कहना है कि यह सदियों से चलता आया है और हमने कभी रोका नहीं। आगे भी नहीं रोका जाएगा।*

### ट्रक को क्रेन की मदद से कार से हटाया

# गुना में कार पर ट्रक पलटा, 4 की मौत

### *सारंगपुर से भिंड जा रहा था परिवार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मंगलवार सुबह कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसके ऊपर पलट गया। हादसे में कार सवार पति-पत्नी, बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर घायल हैं। हादसा बायपास पर ढाबे के पास हुआ। सारंगपुर के वार्ड 17 तारागंज का परिवार भिंड जिले के लहार में मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहा था। परिवार के सदस्य तड़के 4 बजे कार से लहार के लिए रवाना हुए थे। सुबह 7.30 बजे गुना बायपास पर एक जेसीबी क्रॉस कर रही थी। इस वजह से ड्राइवर ने कार रोड से नीचे उतारकर खड़ी कर दी। जेसीबी क्रॉस हो जाने पर ड्राइवर ने कार को जैसे ही सड़क पर चढ़ाया, तभी पीछे आ रहा ट्रक टकराकर कार पर ही पलट गया। वही एसपी विजय कुमार खत्री भी मौके पर पहुंचे। ट्रक में कागज की रद्दी भरी हुई थी। कमानी टूटने की वजह से ट्रक कार पर पलटा। इसके ड्राइवर और क्लीनर घटनास्थल से भाग गए। घटना की जानकारी लगने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित नवनियुक्त राजमंत्री गौतम टेटवाल ने शोक जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, श्शोकाकुल परिजन के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं।

### इनके साथ हुआ हादसा

रोशनी (15) और जय देवी (45) की मौत हो गई। भाई-बहन सुमित और राखी घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट टीआई पंकज त्यागी ने बताया कि 2 की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी के 2 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। परिवार मूल रूप से लहार के भीकमपुर (जिला भिंड) का रहने वाला है। रामप्रकाश पोस्ट मेट्रिक छात्रावास सारंगपुर (राजगढ़) में चैकीदार थे। इसीलिए परिवार यहां रहता था। वह झमुआ (लहार, भिंड) में बुआ जमुना बाई के यहां मकान के उद्घाटन में जा रहे थे। जयदेवी के पति हरिदास भी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के अधीक्षक थे। उनकी 2018 में मौत हो गई थी। उनके बेटे सुमित को उनकी जगह अनुकंपा मिलने वाली है। सुमित कुछ समय पहले ही 18 साल का हुआ है। हादसे की खबर सुनते ही सारंगपुर शोक छा गया।

# शराब पकड़ाने की मुखबिरी के शक में लगाया 45 लाख रुपए का जुर्माना

### पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने पहुंचा फरियादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विधानसभा चुनावों की आचार संहिता के पूर्व पुलिस एवं प्रशासन द्वारा 18 अक्टूबर को अवैध शराब के गढ़ माने जाने वाले कड़ियासांसी गांव में दबिश दी गई थी। इस दबिश में पुलिस ने 40 लाख रुपए से अधिक की शराब और अन्य सामान आदि जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कुछ लोगों पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया था।

जिन लोगों के यहां से यह शराब पकड़ाई है उन लोगों ने गांव के ही प्रकाश पिता जगदीश भानेरिया पर आरोप लगाया है कि उसने पुलिस से मुखबिरी की थी और उसी की सूचना के बाद पुलिस ने कड़ियासांसी गांव में शराब पकड़ने की उक्त बड़ी कार्रवाई की। दस, बारह लोगों की सामाजिक पंचायत बुलाकर अब यह फरमान सुनाया गया है कि चूंकि प्रकाश की मुखबिरी से यह शराब पकड़ाई है इसलिए प्रकाश उन्हें 45 लाख रुपए दे। इस जुर्माने के राशि के लिए प्रकाश और उनके परिवार पर दो बार हमले भी किए जा चुके हैं जिसका मुकदमा बोड़ा थाने में दर्ज है।

### परिवार को लेकर एसपी के पास पहुंचा पीड़ित

जुर्माने की राशि वसूलने जिन लोगों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है उन सभी के खिलाफ प्रकाश भानेरिया ने मंगलवार को एसपी की जनसुनवाई में पहुंचकर संबंधितों पर कार्रवाई करने एवं न्याय दिलवाने की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि जुर्माने की राशि 45 लाख रुपए जमा करने का इतना अधिक दबाव बनाया जा रहा है कि उसके पास परिवार के साथ आत्महत्या करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा है।

### पूर्व वेयरहाउस प्रबंधक सहित 9 लोगों पर 20 हजार का जुर्माना व 5 साल की सजा

**मामला हम्माल के साथ दुर्व्यवहार व मानसिक प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का**

**ब्यावरा।** हम्माली का काम करने वाले रामप्रसाद कुशवाह के साथ दुर्व्यवहार करने एवं मानसिक रूपसे प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले तत्कालीन ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक नरेश सिंह तोमर पिता बीएस तोमर एवं गेंदालाल, रामप्रसाद, मोतीलाल, कालूराम गब्बर, डालचंद विजयपाल व अन्य पर न्यायाधीश अशोक शर्मा द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा ने प्रत्येक पर 20-20 हजार का जुर्माना एवं 5 साल की सजा सुनाई है। वहीं अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में दिनेश साहू ने प्रतिनिधित्व किया।

# पदोन्नति : 19 हेड कान्सटेबलों की वर्दी पर पुलिस अधीक्षक ने लगाए सितारे

### एएसआई पद पर पदोन्नत हुए हैं प्रधान आरक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पदोन्नति मिलने पर अपने विभाग के मुखिया के हाथों अपनी वर्दी पर सितारे लगवाने की तमन्ना हर पुलिसकर्मी की रहती है। राजगढ़ जिले के 19 पुलिसकर्मियों की यह तमन्ना शासन द्वारा हालिया जारी आदेश से पूरी हुई है। गृह विभाग ने पिछले दिनों कई प्रधान आरक्षकों को एएसआई (असिसटेंट सब-इन्सपेक्टर) पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नत होने वाले पुलिसकर्मियों में राजगढ़ जिले के भी 19 प्रधान आरक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा एवं एडिषनल एसपी आलोक शर्मा ने मंगलवार दोपहर एएसआई पद पर पदोन्नत हुए सभी पुलिसकर्मियों की वर्दी पर अपने हाथों से पदचिन्ह स्टार लगाए। इस मौके पर सालों से वर्दी पर सितारे लगने की ख्वाहिष में बैठे पुलिसकर्मियों की छाती गर्व से चैड़ी हो गई।

### ये पुलिसकर्मी बने हैं एएसआई

प्रधान आरक्षक से एएसआई बनने वाले पुलिसकर्मियों में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ शादाब खान, अमृतलाल कुंभकार, बाबूलाल, जगदीश सेन, दिनेष बैरागी, बनेसिंह दांगी, लक्ष्मीनारायण, पुष्पलता सोनी, राजेद्र यादव, सुनील, घीसालाल, संजय झा, भैरूलाल, मनोहरलाल, राधेष्याम दांगी, हरिनारायण, रमेशचंद्र, हीरेश सोनी, रामसिंह भिलाला, करतार सिंह शामिल हैं। अधिकारीगणों ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अब घर बैठे मोबाइल से भी बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

**राजगढ़।** अब कोई भी पात्र व्यक्ति घर बैठे अपने मोबाइल से अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पोर्टल लिंक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकेगा। विभाग की लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का आप्शन चुनना है। आधार का आप्शन चुनने के बाद उसमें स्क्रीन पर पीएमजेवाई चयन कर फिर राज्य का चयन करें। आप मध्यप्रदेश चुनेंगे तदुपरान्त अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर एक ओटीपी आएगा। उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज करने पर आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति में आप नजदीकी सीएससी सेंटर या लोक सेवा केंद्र में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

# राजपूत समाज प्रगति मंडल की ग्राम जेठडा में बैठक आयोजित



**कालापीपल।** राजपूत समाज प्रगति मंडल क्षेत्रीय परिषद शुजालपुर की बैठक ग्राम जेठडा में प्रादेशिक केन्द्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष मिश्रीलाल सिंह सिसोदिया के मार्ग दर्शन में संपन्न हुई। जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष समाज का 36वां सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी 14 फरवरी 2024 को ग्राम सिलोदा में सर्वसम्मति होना तय हुआ। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। समाज के संगठन ने इस पुण्य महायज्ञ में समाजजनों से बढ़ चढ़कर अधिक से अधिक संख्या अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह संपन्न कराने का आह्वान किया।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली संत यात्रा

### संत समाज ने लोगों से श्रीरामलला मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए हिन्दू समाज में जाग्रति लाने के उद्देश्य से मंगलवार को अंजनीलाल धाम मंदिर ब्यावरा से संत यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्ग से होकर गांव-गांव पहुंची, जहां संत समाज ने लोगों से श्रीरामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ दीपोत्सव मनाने का आव्हान किया।

### धार्मिक आयोजन का आह्वान किया

हिन्दू समाज के जागरण के लिए निकाली गई संत यात्रा अंजनीलाल धाम मंदिर पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हबीवपुरा के नीलगिरी आश्रम से होते हुए ढ़कोरा, खेड़ी, गिन्दौरमीना, तलावला, जामी, जामुनिया, देवखेड़ी होकर मलावर पहुंची। यात्रा के दौरान मौजूद संत समाज ने इसे 500 वर्षों की सबसे बड़ी दीपावली बताई, वहीं घर-घर पहुंचकर लोगों से प्राणप्रतिष्ठा दिवस के पांच दिन पूर्व से ही दीपक लगाने, रंगोली बनाने, पूजा-अर्चना, कथा सहित अन्य धार्मिक आयोजन का आव्हान किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर रामगिरी महाराज, नीलेश महाराज, प्रमोद, यात्रा प्रभारी सतीश नागर, सहप्रभारी आचार्य द्वारिकाप्रसाद, कामेशकृष्ण, लोकेश शास्त्री, प्रेमदास महाराज, फूलेश्वर महाराज, मथुरालाल नागर, भोलादास, सुदर्शन शर्मा, जेएल मारोठिया सहित अन्य मौजूद रहे। आयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है, इसमें अखाड़े, सुंदरकांड समिति, मंदिर समिति, भजन मंडली, भागवत कथाचार्य सहित अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं।








### गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर व सेवा भारती ने किया आयोजन

# वीर बलिदानी दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर व नेत्र परीक्षण का आयोजन, बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर एवं सेवा भारती के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया। महिलाओं द्वारा भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया एवं डॉक्टर डीके गुप्ता द्वारा 25 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारे के अध्यक्ष सरदार कल्याण सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष सरदार संतोक सिंह अजमानी सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी संघ के राजगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा एवं वरिष्ठ डॉक्टर राकेश गुप्ता अशोक अग्रवाल सेवा भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता उपाध्यक्ष बिहारीलाल चैधरीसचिव मार्तण्ड सिंह सोलंकी जी सह सचिव बद्रीप्रसाद मीणा डॉ विवेक सोनी, भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया, मुकेश सेन एवं हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, मनप्रीत सिंह राजपाल गुरजीत सिंह छाबड़ा सतवीर सिंह सलूजा उपस्थित रहे व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन स्थानीय गुरूद्वारा में वीर बलिदानी दिवस के अवसर पर हुआ। 11 से 2 बजे तक शिविर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर एवं सेवा भारती के सहयोग से संपन्न हुआ। स इस अवसर पर विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र जी शर्मा ने वीर बलिदानी दिवस के बारे मे बताया की गुरु गोविंद सिंह जी और उनके साहबजादे ने किस तरह अपना धर्म न छोडकर अपने को बलिदान करने और समाज मे प्रेम अपनत्व सभी के लिए सहानुभूति रखकर सारे समाज मे एकता आए और सभी किसी के उपर अत्याचार ना हो ऐसा संदेश सम्पूर्ण मानव को दिया।



### *रक्तदान शिविर में समाज के सभी नागरिकों ने 51 यूनिट रक्तदान किया*

*इसमे सिक्ख समाज की महिलाओं द्वारा भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गयास डॉक्टर डीके गुप्ता जी द्वारा 25 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के अध्यक्ष सरदार कल्याण सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष सरदार संतोक सिंह अजमानी सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी सोलंकी संघ के राजगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र जी शर्मा सेवा भारती राजगढ़ के पदाधिकारी हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, मनप्रीत सिंह राजपाल गुरजीत सिंह छाबड़ा सतवीर सिंह सलूजा उपस्थित रहे।*